# जिला दिव्यांगजन पुनर्वास केन्द्रों (डीडीआरसी)

# की

# स्थापना

## जिला दिव्यांगजन पुनर्वास केन्द्रों (डीडीआरसी) की स्थापना

### 1. पृष्ठभूमि

वर्ष 1999–2000 में राज्य सरकारों के सक्रिय योगदान से जिला दिव्यांगजन पुनर्वास केन्द्रों (डीडीआरसीएस) की स्थापना की गई थी। जबकि राष्ट्रीय संस्थानों/एलिम्को/डीआरसी ने 3 वर्षों के लिए प्रतिष्ठानों को तकनीकी इनपुट और निधियों के माध्यम स्थापना में सहायता प्रदान की, राज्य सरकारों ने बाधामुक्त भवन उपलब्ध कराए और कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला प्रबंधन टीम के माध्यम से गतिविधियों का पर्यवेक्षण किया और राज्य की योजनाओं के साथ इसकी गतिविधियों के अभिसरण में सहायता की। उस समय इन केन्द्रों को तीन वर्षों के बाद जिला प्रशासन को सौंपने की योजना बनाई गई थी, लेकिन राज्य अपने संसाधनों से वित्तपोषण की पूर्ति करने के कारण इन्हें अपनाने के इच्छुक नहीं थे, इस योजना के वित्त पोषण को दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के प्रावधानों के कार्यान्वयन हेतु योजना (सिपडा)/दीनदयाल दिव्यांगजन पुनर्वास योजना (डीडीआरएस) के अंतर्गत शिफ्ट कर दिया गया था। 2018–19 से, योजना का वित्तपोषण दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के कार्यान्वयन हेतु योजना (सिपडा) के अंतर्गत था। यह एक प्रमुख (अम्ब्रेला) योजना है जिसके अंतर्गत कार्यकलापों में सहायता के लिए स्वायत्त निकायों और विश्वविद्यालयों सहित राज्य सरकारों और केन्द्र एवं राज्य सरकारों द्वारा स्थापित विभिन्न अन्य निकायों को सहायता अनुदान प्रदान किया जाता है। डीडीआरसी दीनदयाल दिव्यांगजन पुनर्वास योजना (डीडीआरएस) के तहत 2020–21 से वित्त पोषित है, जिसके तहत दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए विभिन्न गतिविधियों में सहायता करने के लिए स्वायत्त निकायों और विश्वविद्यालयों सहित, राज्य सरकारों और केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा स्थापित विभिन्न अन्य निकायों को अनुदान जारी किए जाते हैं।

### 2. डीडीआरसी की स्थापना के उद्देश्य:

जिला दिव्यांगता पुनर्वास केन्द्र (डीडीआरसी) की स्थापना का उद्देश्य दिव्यांगजनों को निम्नलिखित के माध्यम से पुनर्वासीय सहायता उपलब्ध कराना है –

i. शिविरों के आयोजन के माध्यम से दिव्यांगजनों का सर्वेक्षण और पहचान करना, दिव्यांगजनों के लिए दिव्यांगता प्रमाण–पत्र, बस के पासों की सुविधा और अन्य रियायतें/सुविधाएं और दिव्यांगजनों के लिए जिले में विशिष्ट दिव्यांगता पहचान–पत्र (यूडीआईडी) जारी करने में सहायता करना।

ii. दिव्यांगता की रोकथाम को प्रोत्साहित करने और बढ़ावा देने के लिए जागरूकता सृजन, प्रारम्भिक पहचान और उपचार के साथ–साथ जिले आदि में दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए कार्यरत संगठनों के डाटा का रख–रखाव ।

iii. प्रारम्भिक उपचार और राष्ट्रीय न्यास/दिव्यांगजन विभाग द्वारा शुभारम्भ की गई बीमा योजना की सुविधा।

iv. सहायक उपकरणों की आवश्यकता का निर्धारण, सहायक उपकरणों का प्रावधान/फिटमेंट, सहायक उपकरणों की जांच/मरम्मत, जिले में सहायक यंत्र और सहायक उपकरणों के वितरण के लिए एडिप/एलिम्को के शिविरों के आयोजन में सहायता करना।

v. चिकित्सकीय सेवाएं अर्थात् फिजियोथेरेपी, व्यावसायिक थेरेपी, वाक् थेरेपी आदि ।

vi. शल्य चिकित्सा सुधार के लिए सरकारी और धर्मार्थ संस्थानों के माध्यम से परामर्श और व्यवस्था,

vii. बैंक और अन्य वित्तीय संस्थानों के माध्यम से स्वरोजगार के लिए ऋण की व्यवस्था,

viii. दिव्यांगजनों, उनके माता–पिता और पारिवारिक सदस्यों को परामर्श देना,

ix. बाधामुक्त वातावरण को बढ़ावा देना और विभाग के सुगम्य भारत अभियान में सक्रिय भूमिका निभाना,

x. शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सहायक और मानार्थ सेवाएं उपलब्ध कराना, विभाग की योजनाओं से छात्रवृत्ति प्राप्त करने के लिए दिव्यांग छात्रों की सहायता करना, पात्र दिव्यांगजनों का व्यावसायिक प्रशिक्षण/कौशल प्रशिक्षण एवं दिव्यांगजनों को निम्नलिखित के माध्यम से रोजगारः–

- शिक्षक, समुदाय और परिवारों को ओरियंटेशन प्रशिक्षण प्रदान करना ।
- शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण और रोजगार के लिए दिव्यांगजनों को प्रारम्भिक प्रेरणा और प्रारम्भिक प्रोत्साहन के लिए प्रशिक्षण देना ।
- स्थानीय संसाधनों और डिजायनिंग को ध्यान में रखते हुए दिव्यांगजनों के लिए उपयुक्त रिक्तियों की पहचान करना और व्यावसायिक प्रशिक्षण देना और उपयुक्त रिक्तियों की पहचान करना ताकि उन्हें आर्थिक रूप से आत्म–निर्भर बनाया जा सके ।

xi. मौजूदा शैक्षणिक प्रशिक्षण और व्यावसायिक संस्थानों के लिए परामर्श सेवाएं उपलब्ध कराना और राष्ट्रीय संस्थानों एवं समेकित क्षेत्रीय केंद्रों द्वारा उपलब्ध कराई गई सेवाओं के लिए आउटरीच केन्द्र के रूप में कार्य करना ।

## 3. दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के अंतर्गत दिव्यांगताएं

पूर्वोक्त अधिनियम के अंतर्गत अधिसूचित दिव्यांगताओं की सूची **अनुबंध–1** पर है । दिव्यांगताओं की प्रतिशतता को निर्धारित करने संबंधी दिशा–निर्देश इस विभाग के पोर्टल पर उपलब्ध है। आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम, 2016 के अनुसार, विभिन्न प्रकार के पेशेवरों को शामिल करके डीडीआरसी के तहत सभी प्रकार की दिव्यांगताओं को कवर किया जाएगा।

डीडीआरसी योजना में राज्य सरकारों के सहयोग से प्रत्येक जिले में एक डीडीआरसी स्थापित करने की परिकल्पना की गई है। तथापि, भारत सरकार को वित्तीय स्थिति और उपयुक्तता के आधार पर नए डीडीआरसी को अनुमोदित करने का विवेकाधिकार प्राप्त है। प्रत्येक डीडीआरसी यदि उस जिले में

डीडीआरसी नहीं है तो आस–पास के/पड़ोसी जिले के दिव्यांगजनों की देखभाल कर सकता है और उन्हें पुनर्वास सेवाएं प्रदान कर सकता है।

**4. डीडीआरसी के गठन के लिए प्रक्रियाः**

4.1 जिला प्रबंधन टीम का गठन (डीएमटी)

जिला कलेक्टर/जिला मैजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में जिला प्रबंधन टीम की निगरानी में प्रत्येक डीडीआरसी को चलाया जाना है और बेहतर समन्वयन तथा मॉनिटरिंग के लिए समाज कल्याण, स्वास्थ्य, पंचायतीराज, महिला एवं बाल कल्याण विभाग के जिला अधिकारियों, कार्यान्वित एजेंसी के नोडल अधिकारी और प्रतिष्ठित गैर सरकारी संगठनों/सार्वजनिक प्रतिनिधियों को भी शामिल करना है। राज्य सरकार जिला कलक्टर की अध्यक्षता में डीएमटी का संविधान अधिसूचित कर सकती है । यह टीम डीडीआरसी की संपत्ति का संरक्षक भी होगी।

4.2 डीएमटी के महत्वपूर्ण कार्य निम्नानुसार हैः–

- स्वास्थ्य विभाग के डीईआईसी औरध्या जिला मेडिकल कॉलेज/अस्पताल के समीप स्थान पर डीडीआरसी के स्थान का चयन
- पंजीकृत कार्यान्वयन एजेंसियों का चयन ।
- श्रमशक्ति का चयन/तैनाती और उनकी नियुक्ति की शर्तों को अन्तिम रूप देना ।
- डीडीआरसी की गतिविधियों की मॉनिटरिंग, समन्वय।
- दिव्यांगजनों के पुनर्वास से संबंधित जिलों में अन्य गतिविधियों के साथ अभिसरण ।
- डीडीआरसी की सम्पत्ति और विभाग की एडिप योजना के अंतर्गत प्राप्त हुई सामग्री की सुरक्षा, यदि कोई है ।
- जिला प्रबंधन टीम, महीने में एक बार और साल में कम से कम चार बार बैठक कर सकती है।

4.3 समन्वय – नोडल अधिकारी (डीडीआरओ)

- डीडीआरसी की गतिविधियों की मॉनिटरिंग और समन्वयन के लिए डीएमटी में शामिल किए गए जिला कर्मचारियों में से अच्छे समन्वय के लिए एक नोडल अधिकारी अर्थात् जिला दिव्यांगता पुनर्वास अधिकारी (डीडीआरओ) की पहचान की जाए।
- डीडीआरओ दैनिक आधार पर डीडीआरसी के समन्वय, प्रबंधन और प्रशासन के लिए उत्तरदायी होगा और उसे प्रतिमाह 2000/–रूपए की दर से मानदेय दिया जायेगा (विशेष क्षेत्रों के लिए 20 % अतिरिक्त मानदेय) ।
- डीएमटी द्वारा डीडीआरसी चलाने के लिए उपयुक्त कार्यान्वयन एजेंसी की पहचानः

क. **कार्यान्वयन एजेंसी** में इन्हें प्रमुखता देनी चाहिए:

i. डीएमटी डीडीआरसी के संचालन का विकल्प चुन सकता है।

अथवा

ii. राज्य सरकार का कोई स्वायत्त/अर्ध स्वायत्त निकाय

अथवा

iii. अच्छे ट्रेक रिकार्ड वाला प्रतिष्ठित गैर सरकारी संगठन जो डीडीआरसी के आरम्भ होने से लेकर उसके प्रबंधन में सक्षम होना चाहिए ।

ख. डीएमटी स्थानीय प्रचार के माध्यम से इच्छुक पंजीकृत संगठनों से प्रस्ताव मांग सकती है और तत्पश्चात् उनमें से सबसे अधिक उपयुक्त संगठन की पहचान कर सकती है ।

ग. मौजूदा तंत्र के अलावा, राज्य शाखाओं के लिए मौजूदा कानून के तहत प्रत्येक जिले में प्रभावी ढ़ंग से डीडीआरसी (कार्यान्वयन एजेसी के रूप में) चलाने के लिए एक राज्य स्तरीय निकाय/सोसायटी स्थापित करने हेतु विचार कर सकती है ।

**4.4** डीडीआरसी के लिए आवास

- जिला प्राधिकरण को डीडीआरसी स्थापित करने के लिए किराया मुक्त आवास की पहचान और आवंटन करना चाहिए । इस बात को प्रमुखता दी जाए कि भवन बाधामुक्त हो, बिजली और पानी की सुविधा होने के साथ–साथ उसमें दिव्यांगजनों की पहुंच के लिए सुगम्य हो। डीडीआरसी को दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए अधिमानतः डीईआईसी केंद्र/मेडिकल कॉलेज/जिला(सिविल) अस्पताल के उसी परिसर अथवा उसके समीप होना चाहिए। लगभग 400 वर्ग मीटर न्यूनतम स्थान की आवश्यकता है जिसमें कम से कम 7–8 कमरे होने चाहिए। तथापि, डीईपीडब्ल्यूडी, भारत सरकार की स्क्रीनिंग समिति मामले दर मामला इन मानदंडों में छूट दे सकती है।

- किराया मुक्त भवन की अनुपलब्धता के मामले में, डीएम/जिला कलेक्टर/पीडब्ल्यूडी द्वारा निर्धारित सीमा के अनुसार उपयुक्त परिसर किराये पर लिया जा सकता है । परिसर के रख–रखाव का शुल्क (किराये पर अथवा अन्यथा) अनुदान के आकस्मिक खर्च शीर्ष के तहत निर्धारित राशि से पूरा किया जाएगा ।

**4.5** डीडीआरसी के लिए स्टाफः

- **डीडीआरसी की कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा स्टाफ को संविदा पर नियुक्त करना।** प्रत्येक डीडीआरसी के स्टाफ में विशिष्ट योग्यता रखने वाले अधिकतम 15 सदस्य हो सकते हैं, जिन्हें निर्धारित नियमों के अनुसार नियत मानदेय दिया जाएगा । पुनर्वास पेशेवर जिनके पास नोडल पंजीकरण एजेंसी के रुप में आरसीआई है, उन्हें भारतीय पुनर्वास परिषद (आसीआई) के साथ पंजीकृत होना चाहिए। **योजना में स्थायी पदो के सृजन की परिकल्पना नहीं है। तथापि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, एसएसजेई, भारत सरकार किसी भी भर्ती, नियुक्ति, मानदेय और निष्कासन संबंधी मुद्दों के लिए उत्तरदायी नहीं है। ये डीएमटी की एकल जिम्मेदारी होगी।** प्राथमिकता के आधार पर स्थानीय संसाधनों के माध्यम से जहां तक सम्भव है, कार्यान्वयन एजेंसी/डीएमटी द्वारा मानदेय/संविदागत आधार पर स्टाफ को नियुक्त किया जाना है।
- राज्य सरकार डीडीआरसी की विभिन्न गतिविधियों को प्रभावी ढ़ंग से शुरू करने के लिए मानदेय और अन्य आवश्यकताओं की उपयुक्त पूरक हो सकती है । राज्य सरकार को डीएमटी के लिए अग्रिम कार्रवाई करने के संबंध में आवश्यक निदेश और दिशा–निर्देश जारी करने की आवश्यकता है, ताकि डीडीआरसी स्वीकृत होने के तुरन्त बाद कार्मिकों को नियुक्त किया जा सके ।

**4.6** स्वीकार्य श्रमशक्ति, मानदेय की राशि और स्वीकार्य अनुदान ।

- प्रत्येक डीडीआरसी में संविदा आधार पर नियत मानदेय और पूर्व निर्धारित योग्यताओं वाली निम्नलिखित श्रम शक्ति को नियुक्त किया जाना है। पुनर्वास पेशेवर जिनके पास नोडल पंजीकरण एजेंसी के रुप में आरसीआई है, उन्हें भारतीय पुनर्वास परिषद (आसीआई) के साथ पंजीकृत होना चाहिए। डीडीआरसी के स्टाफ की सेवा–शर्तों का उत्तरदायित्व कार्यान्वयन एजेंसी पर होगा न कि केन्द्रीय सरकार पर ।

- पेशेवरों की नियुक्ति आवश्यकतानुसार प्राप्त दौरे के आधार पर की जा सकती है लेकिन कम से कम 4 पेशेवरों/पुनर्वासकर्ताओं की नियुक्ति अनिवार्य है।

- पेशेवरों के लिए अपेक्षित पद और योग्यताएं इस प्रकार हैं–

| क्र.सं. | पद और योग्यताएं | मानदेय (रूपये में) | नीचे दिए गए नोट के अनुसार विर्निदिष्ट क्षेत्रों/राज्यों में डीडीआरसी के लिए मानदेय की 20% उच्चतर राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | क्लीनिकल मनोचिकित्सक/पुनर्वास मनोचिकित्सक<br>**क्लीनिकल मनोचिकित्सक**<br>क. क्लीनिकल मनोचिकित्सा में एम0फिल0<br>ख. क्लीनिकल मनोचिकित्सा में | 20500/850(प्रति दौरा) | 24600/ 1020(प्रति दौरा) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | व्यावसायिक डिप्लोमा।<br>**पुनर्वास मनोचिकित्सक**<br>क. पुनर्वास मनोचिकित्सा में एम0फिल0<br>ख. पुनर्वास मनोचिकित्सा में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा(पीजीडीआरपी) | | |
| 2 | **वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट/ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट**<br>**फिजियोथेरेपिस्ट** 01 अनिवार्य योग्यता बीपीटी<br><br>**ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट** 01 अनिवार्य योग्यता बीओटी<br><br>**औचित्य -** पीटी और ओटी दोनों पूरी तरह से अलग–अलग विषय हैं और दिव्यांगता पुनर्वास में दोनों की बहुत महत्वपूर्ण और अलग–अलग भूमिकाएं हैं। | 20500/850(प्रति दौरा) | 24600/1020(प्रति दौरा) |
| 3 | सीनियर प्रोस्थेटिस्ट / ऑर्थोटिस्ट (ओएच श्रेणी)<br><br>योग्यताः आरसीआई द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से प्रोस्थेटिक्स और ऑर्थोटिक्स (बीपीओ) में स्नातक | 20500/850(प्रति दौरा) | 24600/1020(प्रति दौरा) |
| 4 | प्रोस्थेटिस्ट / ऑर्थोटिस्ट तकनीशियन<br>पात्रताः पी एंड ओ में डिप्लोमा या 3 साल के अनुभव के साथ पी एंड ओ में प्रमाण पत्र | 14500 | 17400 |
| 5 | ऑडियोलाजिस्ट और सीनियर स्पीच थेरेपिस्ट<br>पात्रताः ऑडियोलॉजी और स्पीच एंड लैंग्वेज पैथोलॉजी | 20500/850 ( प्रति दौरा) | 24600/1020 (प्रति दौरा) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | (बीएएसएलपी) में स्नातक या बी. एससी स्पीच एंड हियरिंग | | |
| 6 | श्रवण सहायक/जूनियर स्पीच थेरेपिस्ट –<br><br>श्रवण यंत्रों की जानकारी/मरम्मत/ईयर मोल्ड बनाने के साथ वाक् एवं श्रवण में डिप्लोमा<br><br>**स्पीच एंड हियरिंग तकनीशियन**<br><br>पात्रता हियरिंग लैंग्वेज और स्पीच में डिप्लोमा (डीएचएलएस)<br><br>**ईयर.मोल्ड तकनीशियन**<br>पात्रता हियरिंग एयड रिपेयर और ईयर मोल्ड प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा (डीएचएआरईएमटी) | 14500 | 17400 |
| 7. | गतिशीलता प्रशिक्षक<br>दसवीं+गतिशीलता में सर्टिफिकेट/डिप्लोमा<br>पात्रता : अधिमानत गतिशीलता विज्ञान में स्नातक (बी.एम.एससी.) या दृष्टि बाधिता में डी.एड.विशेष शिक्षा / बी.एड. विशेष शिक्षा | 14500 | 17400 |
| 8. | बहु उद्देश्यीय पुनर्वास कार्यकर्त्ता<br><br>पात्रता : समुदाय आधारित पुनर्वास में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा (पीजीडीसीबीआर) / समुदाय आधारित पुनर्वास में डिप्लोमा (डीसीबीआर) / समुदाय आधारित समावेशी विकास (सीबीआईडी)/एमआरडब्ल्यू में डिप्लोमा | 14500 | 17400 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 9. | <u>लेखाकार सह लिपिक सह भण्डारी</u><br>दो वर्षो के अनुभव सहित<br>(बी0काम0 / एसएएस) | 14500 | 17400 |
| 10 | <u>सहायक सह चपरासी सह संदेशवाहक</u><br>(8वीं कक्षा उत्तीर्ण) | 9500 | 11400 |
| 11 | <u>व्यावसायिक परामर्शदाता सह कम्प्यूटर सहायक</u><br>पात्रता : व्यावसायिक पुनर्वास में डिप्लोमा (डीवीआर) / बाल मार्गदर्शन और परामर्श में एडवांस्ड डिप्लोमा (एडीसीजीसी) / पुनर्वास विज्ञान में स्नातक (बीआरएससी) | 14500 | 17400 |
| 12 | <u>प्रारंभिक उपचार थेरेपिस्ट</u><br><br>पात्रता: पीजीडीडीटी / पीजीडीईआई / बीएमआर / बीआरएससी / बीआरटी / एमआरएससी / एमएससीई-आई | 14500 | 17400 |
| 13 | <u>ट्रांस–डिसिप्लिनरी विशेष शिक्षक (02 संख्या)</u><br><br>दोनों पदों के लिए पात्रता:<br>(1) श्रवण बाधिता में डीईडीएसई /बीईडीएसई<br>(2) वीआई/आईडी/सीपी/एएसडी/एमडी/डीबी/एसएलडी में डीईडीएसई /बीईडीएसई | 14500 | 17400 |
| 14 | <u>केयर गिवर</u><br><br>पात्रता:<br>सीसीसीजी/आरसीआई–सीसीसीजी/राष्ट्रीय न्यास या कक्षा VIII उत्तीर्ण जिसमें दिव्यांगजनों की देखभाल में 3 साल का अनुभव हो। | 6250 | 7500 |

नोटः

(क) पूर्वोत्तर – राज्यों, अण्डमान निकोबार द्वीप समूह, लक्षद्वीप, पुडुचेरी, दमन और दीव, जम्मू और कश्मीर और हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड, वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों, साथ ही देश की अन्तरराष्ट्रीय सीमाओं से सटे किसी भी राज्य के जिले देश के शेष डीडीआरसी के संबंध में निर्धारित मानदेय से 20% से अधिक के हकदार होंगे ।

(ख) चिन्हित जिलों में डीडीआरसी को स्थापित किया जाना प्रस्तावित किया जाता है जहां प्रारम्भिक रूप में अनुकूल योग्यता वाले स्टाफ का मिलना मुश्किल हो सकता है । यदि योग्य पुनर्वास पेशेवर कुछ समय के लिए उपलब्ध नहीं है तब तक डीएमटी कम योग्यता वाले व्यक्तियों की भर्ती कर सकती है, जब तक कि ऐसे पेशेवर उपलब्ध न हो जाए । तथापि, तकनीकी श्रमशक्ति के स्थान पर गैर–तकनीकी व्यक्तियों की नियुक्ति नहीं करनी चाहिए ।

(ग) डीडीआरओ/नोडल अधिकारी (डीडीआरसी की गतिविधियों की मॉनिटरिंग और समन्वय के लिए डीएमटी में शामिल जिला कार्मिकों में से एक) को मानदेय के रूप में 2,000/–रूपए प्रति माह दिए जाएंगे । (विशेष क्षेत्रों के लिए 20% अतिरिक्त मानदेय)।

## 5. स्वीकार्य सहायता अनुदान

डीडीआरएस के अंतर्गत एक डीडीआरसी के आवर्ती और गैर आवर्ती व्यय का ब्यौरा (ब्रेकअप) निम्नानुसार हैः–**(रूपये लाख में)**

| मद | प्रतिवर्ष सहायता अनुदान | विशेष राज्यों/क्षेत्रों के लिए . 20% अतिरिक्त |
|---|---|---|
| कुल मानदेय | 27.630 | 33.156 |
| कार्यालय व्यय/आकस्मिक व्यय | 05.250 | 05.250 |
| उपकरण (प्रथम वर्ष अथवा 5 वर्षों के बाद) | 20.000 | 20.000 |
| **प्रथम वर्ष का योग** | **52.880** | **58.406** |

नोट– दूसरे वर्ष से केवल मानदेय और कार्यालय व्यय/आकस्मिक व्यय उसी दर से प्रदान किए जाएगें।

### 5.1 योजना के तहत वित्त पोषण की व्यवस्था

डीडीआरसी को डीडीआरएस के तहत वित्त पोषित किया जाएगा। जब तक ई–अनुदान पोर्टल पर डीडीआरसी के संबंध में एक अलग व्यवस्था नहीं की जाती है, तब तक ऑफलाइन प्रस्ताव प्रस्तुत/स्वीकार किए जा सकते हैं। डीडीआरसी को अग्रिम सह प्रतिपूर्ति आधार पर सहायता अनुदान जारी किया जाएगा।

नए प्रस्तावों के लिए:

- डीडीआरसी का नया प्रस्ताव जिला मजिस्ट्रेट/कलेक्टर द्वारा राज्य सरकार की अनुशंसा के साथ प्रस्तुत किया जाना चाहिए।
- स्क्रीनिंग समिति सभी नए प्रस्तावों की जांच करेगी।
- स्क्रीनिंग कमेटी की सिफारिश के बाद, कार्यक्रम प्रभाग वर्ष के लिए डीडीआरसी द्वारा प्रस्तुत अनुमानों (मानदंडों के अनुसार) के 50% (आवर्ती और गैर आवर्ती) तक अग्रिम राशि जारी कर सकता है। हालांकि, रिलीज तंत्र सीएनए निर्देशों का पालन करेगा, यानी 25% प्रारंभिक रिलीज और उसके बाद संतोषजनक चेकलिस्ट दस्तावेजों और जीएफआर आवश्यकता के साथ 75% उपयोग प्रमाण पत्र के होने पर हर बार 25% रिलीज।
- शेष स्वीकार्य अनुदान संपरीक्षित लेखों और उपयोग प्रमाण पत्र आदि प्राप्त होने पर जारी किया जा सकता है।

चालू प्रस्तावों के लिए:

- डीडीआरसी को जिला मजिस्ट्रेट/कलेक्टर की सिफारिश के साथ प्रस्ताव प्रस्तुत करना चाहिए।
- कार्यक्रम प्रभाग वर्ष के लिए 75% लागत (मानदंडों के अनुसार) तक अग्रिम राशि जारी कर सकता है। हालांकि, रिलीज तंत्र सीएनए निर्देशों का पालन करेगा, यानी 25% प्रारंभिक रिलीज और उसके बाद संतोषजनक चेकलिस्ट दस्तावेजों और जीएफआर आवश्यकता के साथ 75% उपयोग प्रमाण पत्र पर हर बार 25% रिलीज।
- शेष स्वीकार्य अनुदान राज्य की सिफारिश के साथ संपरीक्षित लेखा और उपयोग प्रमाण पत्र आदि के प्राप्त होने पर जारी किया जा सकता है।
- योजना के दिशा–निर्देशों के अनुसार, सभी प्रकार से पूरा होने पर सहायता अनुदान का प्रस्ताव जिला मजिस्ट्रेट/कलेक्टर द्वारा संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन की सिफारिश के साथ भेजा जाए जिसे आगे चलकर राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन द्वारा पूर्ण औचित्य के साथ अपनी सिफारिश के साथ इस विभाग को प्रस्तुत किया जाए। अनिवार्य दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए चेकलिस्ट में, अन्य बातों के साथ–साथ, निम्नलिखित शामिल हैं – डीएम/राज्य सरकार की सिफारिश
- सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम या किसी अन्य प्रासंगिक अधिनियम के तहत कार्यान्वयन एजेंसी का पंजीकरण प्रमाण पत्र
- पीडब्ल्यूडी/आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम के तहत पंजीकरण प्रमाण पत्र
- संस्था बहिर्नियम
- डीडीआरसी/कार्यान्वयन एजेंसी की निरीक्षण रिपोर्ट
- कार्यान्वयन एजेंसियों की जिला प्रबंधन टीम/प्रबंध समिति का विवरण
- योग्यता प्रमाण पत्र के साथ कर्मचारियों का विवरण

- डीडीआरसी/कार्यान्वयन एजेंसी के लेखापरीक्षित खाते, कार्यान्वयन एजेंसी के समेकित लेखापरीक्षित खाते, डीडीआरसी के लेखापरीक्षित मद–वार/पद–वार व्यय विवरण
- डीडीआरसी/कार्यान्वयन एजेंसी की वार्षिक रिपोर्ट/निष्पादन रिपोर्ट
- पूर्व में जारी अनुदान सहायता का उपयोग प्रमाण पत्र
- बैंक का विवरण, बांड आदि।

## 5.2 वित्तीय प्रबंधन से संबंधित मापदण्ड

- समस्त केन्द्रीय क्षेत्रीय योजना के तहत सभी लेन–देन/भुगतान लोक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) के अंतर्गत कवर किया जाएगा ।
- योजना के तहत सहायता अनुदान की मांग करने वाली डीडीआरसी की कार्यान्वयन एजेंसियों को स्वयं को नीति आयोग पोर्टल (एनजीओ–दर्पण पोर्टल) पर पंजीकृत कराना आवश्यक है और योजना के तहत अनुदान के लिए आवेदन करने से पहले एनजीओ – दर्पण का विशिष्ट आईडी प्राप्त करना आवश्यक है ।
- मौजूदा दिशा–निर्देश/ प्रक्रियाओं के अतिरिक्त, अन्य कोई दिशा–निर्देश, निर्देश, स्पष्टीकरण अथवा सरलीकरण जोड़ना अथवा हटाना, जिसे बाद में जारी किये जा सकते हैं जो विभाग द्वारा विभाग के सचिव के अनुमोदन से योजना में शामिल किये जाएंगे ।

## 5.3 डीडीआरसी द्वारा वित्तीय व्यवस्था का पालन किया जाना

### 5.3.1 डीडीआरसी द्वारा परियोजना खातों का रख–रखाव

डीडीआरसी के स्टाफ सदस्यों के मानदेय का वित्तपोषण और आवश्यक उपकरण केवल डीडीआरसी योजना के अंतर्गत उपलबध कराये जाते हैं जबकि एडिप योजना के तहत निर्माण के लिए सामग्री, सहायक यंत्रों और उपकरणों के लिए निधि उपलब्ध कराई जाती है अतः अलग खातों का रख–रखाव किया जाए और संबंधित प्रस्तावों के साथ प्रस्तुत किया जाए।

### 5.3.2 डीडीआरसी के नाम से बैंक खाता खोलनाः

डीडीआरसी के नाम से एसबीआई में एक नया जीरो बैलेंस सब्सिडियरी खाता खोला जाना चाहिए और अनुदान प्राप्त करने और व्यय की पूर्ति करने के लिए डीएमटी से जिला मजिस्ट्रेट / कलेक्टर द्वारा नामित अधिकारी और कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा अधिकृत अन्य अधिकारी द्वारा इस खाते को संयुक्त रूप से संचालित किया जाना चाहिए। इस संबंध में निर्णय डीएमटी द्वारा डीडीआरसी के लिए पहचान की गई कार्यान्वयन एजेंसी के आधार पर लिया जा सकता है। इस जीरो बैलेंस सब्सिडियरी खाते को डीडीआरसी योजना के लिए केंद्रीय नोडल एजेंसी (एनएचएफडीसी) के साथ जोड़ा जाना चाहिए।

### 5.3.3 खाते का रख–रखाव

डीडीआरओ के समग्र मार्गदर्शन और निरीक्षण के अंतर्गत प्रत्येक कार्यान्वित एजेंसी द्वारा सहायक गतिविधियों के खर्च के लिए उपयुक्त खाता रखा जाएगा । इसके अतिरिक्त, उपयुक्त खाता चलाने के लिए पहले से ही अपनाई जा रही प्रक्रियाओं के संबंध में यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रत्येक कार्यान्वयन एजेंसी अपने प्रत्येक डीडीआरसी के लिए अलग खाते का रख–रखाव करेगी। प्रत्येक जिले के नोडल अधिकारी विभाग को कार्यक्रम की गतिविधियों के संबंध में छमाही खाते प्रस्तुत करेंगे ।

**5.3.4 डीडीआरसी योजना के अंतर्गत परियोजना के संबंध में ई–अनुदान पोर्टल पर अलग से प्रावधान किए जाने तक सहायता अनुदान के लिए प्रस्ताव ऑफलाइन प्रस्तुत/स्वीकार किया जाएगा।**

## 6. मानदंडों में छूट देने की शक्ति

विभाग को अधिकतम मानदंडों से नीचे के मानदंड अपनाने का अधिकार सुरक्षित है जहां ऐसा करने का औचित्य है। इन मानदण्डों पर सचिव, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के अनुमोदन से, सामान्य रूप से, असाधारण और पात्र मामलों में और विशेष रूप से, सिक्किम सहित पूर्वोत्तर क्षेत्र, हिमालयी क्षेत्र के राज्यों, वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों, सीमावर्ती जिलों या प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित क्षेत्रों के परियोजना प्रस्तावों के मामले में छूट देने के लिए भी विचार किया जा सकता है, बशर्ते विभाग इस बात से संतुष्ट हो कि ऐसा करने के लिए उचित और वैध आधार हैं। इस संबंध में विभाग का निर्णय अंतिम होगा।

## 7. प्रमुख स्टेकहोल्डरों की भूमिका

### 7.1 राज्य सरकार की भूमिका

i. राज्य सरकारों से डीडीआरसी के प्रभावी काम–काज के लिए और अधिक सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा की जाती है । राज्य /जिला प्रशासन की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए, राज्य सरकार डीडीआरसी की विभिन्न गतिविधियों को प्रभावी ढंग से चलाने के लिए डीडीआरसी के मानदेय और अन्य जरूरतों की उपयुक्त पूरक हो सकती है ।

ii. राज्य सरकारें जिला कलेक्टरों को डीडीआरसी योजना के व्यापक नियमों के अंतर्गत यथार्थ वास्तविकता को ध्यान में रखते हुए, डीडीआरसी के प्रभावी कामकाज और उसमें मामूली संशोधन करने के लिए डीएमटी के अध्यक्ष की हैसियत के रूप में प्राधिकृत कर सकती है।

iii. राज्य सरकार जिला कलेक्टरों को केन्द्रीय निधि के जारी करने में प्रक्रियात्मक विलम्ब होने के परिणामस्वरूप क्षेत्र में होने वाली कठिनाइयों पर काबू करने के लिए उनके अधीन निपटान हेतु प्रस्तुत स्थानीय निधियों से अंतरिम सहायता देने हेतु उन्हें प्राधिकृत कर सकती है।

iv. मौजूदा तन्त्र के अतिरिक्त, राज्य सरकार मौजूदा कानून के तहत प्रभावी ढंग से डीडीआरसी (कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में) को चलाने के लिए प्रत्येक जिले में शाखाएं खोलने हेतु एक राज्य स्तरीय निकाय/सोसायटी स्थापित करने पर भी विचार कर सकती है।

## 7.2 एलिम्को और विभाग के राष्ट्रीय संस्थानों की भूमिका–उपकरण/श्रमशक्ति का प्रशिक्षण

### 5.3.5 कार्यात्मक डीडीआरसी के लिए अपेक्षित उपकरण

सभी प्रकार की दिव्यांगताओं से संबंधित सहायक उपकरणों के निर्माण और फिटमेंट के लिए उपकरणों को योजना के उपकरण शीर्ष के अंतर्गत दिए गए अनुसार खरीदा जाना है । इन उपकरणों की श्रेणी में बिजली का ओवन, ऐन्विल वर्कशॉप, फिजियोथेरेपी उपकरण, क्लीनिकल आडियोमीटर, वाक प्रशिक्षक, कार्यशाला उपकरण और बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के लिए शिक्षण सामग्री, यूडीआईडी परियोजना के लिए आवश्यक उपकरणों के साथ–साथ कार्यालय उपकरण होंगे। केवल प्रथम वर्ष में प्रति डीडीआरसी के लिए 20 लाख रूपए तक का कुल उपकरण अनुदान होगा और 5 वर्ष के बाद आगे संशोधन, यदि कोई हो, तो उस पर विचार किया जा सकता है। उपकरणों के ब्यौरे अनुबंध–V पर सूचीबद्व है।

ये उपकरण विभाग के अंतर्गत – एक केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्रक उपक्रम – भारतीय कृत्रिम अंग विनिर्माण निगम (एलिम्को) लखनऊ रोड, कानपुर से खरीदे जा सकते हैं । यदि एलिम्को इन उपकरणों की आपूर्ति/उपलब्धता कराने की स्थिति में नहीं है तो कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा सामान्य वित्तीय नियमों के अंतर्गत निर्धारित प्रक्रिया के तहत डीएमटी की निगरानी में इन उपकरणों की खरीद की जा सकती है ।

### 5.3.6 दिव्यांगजनों के लिए – निर्धारित उपकरणों के साथ–साथ सहायक यंत्रों और उपकरणों के लिए कच्चा माल

विभाग की एडिप योजना के अंतर्गत सहायक उपकरणों और यंत्रों एवं सहायक उपकरणों के निर्माण के लिए सामग्री की आपूर्ति की जाएगी ।

डीडीआरसी को राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र को निर्धारित प्रपत्र में उपयोग प्रमाण–पत्र, व्यय की लेखा परीक्षित विवरणिका, लाभार्थियों की सूची, खरीदे गए अथवा दिव्यांगजनों में वितरित किए गए

सहायक यंत्रों और उपकरणों का विवरण एवं इस योजना के अंतर्गत अनुदान प्राप्त करने के लिए जिला कलेक्टर के माध्यम से गतिविधियों के केलेण्डर सहित वार्षिक रूप से प्रस्ताव जमा कराने चाहिए ।

सहायक यंत्रों/सहायक उपकरणों की मरम्मत/अनुवर्ती कार्रवाई डीडीआरसी द्वारा की जानी है। यदि किसी सहायता/प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है तो इसे एलिम्को/एनआई द्वारा प्रदान किया जाना चाहिए।

## 7.3 राष्ट्रीय संस्थानों/समेकित क्षेत्रीय केन्द्रों की भूमिका (उनको आवंटित राज्यों के अनुसार)

(क) राज्य सरकार/जिला प्राधिकरण/डीडीआरसी के समन्वय के साथ डीडीआरसी की श्रमशक्ति, दिव्यांगता से संबंधित कार्य से जुड़े राज्य समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण।

(ख) राष्ट्रीय संस्थानों को पाठ्यक्रम माड्यूल सहित वार्षिक प्रशिक्षण कैलेंडर तैयार करना है और उसे अनुमोदन के लिए विभाग में जमा कराना है ।

(ग) डीडीआरसी की कार्यान्वयन एजेंसी के स्टाफ् को राष्ट्रीय संस्थानों (एनआई) के माध्यम से क्षमता निर्माण के लिए ओरियेंटेशन और प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि गतिविधियों को अनुमोदित कार्य योजना के अनुसार शुरू करने के लिए उन्हें सक्षम बनाया जा सके ।

.(घ) राष्ट्रीय संस्थान राज्य/जिला/डीडीआरसी प्राधिकरण के सहयोग से निम्नलिखित प्रशिक्षण कार्यक्रम आरम्भ करेंगेः–

i. जिला कलेक्टर और राज्य सरकार के अधिकारियों की एक दिवसीय कार्यशाला –

दिव्यांगता मामलों के प्रति संवेदीकरण, पीडब्ल्यूडी अधिनियम के प्रमुख प्रावधान, डीडीआरसी योजना और उनके माध्यम से प्रभावी प्रतिपादन, सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना।

ii. कार्यान्वयन एजेंसी और समाज कल्याण अधिकारियों के नोडल अधिकारियों के लिए 3 दिवसीय प्रशिक्षण –

डीडीआरसी योजना, एडिप, डीडीआरएस के अंतर्गत प्रस्तावों को आगे बढ़ाना, खातों और अन्य अभिलेखों का रख–रखाव, दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं, रियायतें और योजनाएं एवं महत्वपूर्ण रेफरल पते ।

**iii.** डीडीआरसी में तकनीकी और व्यावसायिक श्रमशक्ति के लिए 15 दिनों तक सेवाकालीन प्रशिक्षण –

विशेष रूप से प्रारम्भिक उपचार और फोलो अप, उपचार और पुनर्वास की नई तकनीक पर ध्यान केंद्रित करने के लिए ।

**iv.** सेवाकालीन प्रशिक्षण के लिए विशेष पाठयक्रम

पाठ्यक्रम जिनमें डीडीआरसी की कम अर्हता प्राप्त श्रमशक्ति के लिए 6 माह से 01 वर्ष के सैंडविच कार्यक्रमों सहित सेतु पाठ्यक्रमः–

- सम्प्रेषण कौशल और शिक्षण सामग्री निर्माण पर कार्यशाला ।
- तकनीकी स्टाफ और बहुउद्देशीय कर्मचारियों के लिए यंत्रों और उपकरणों की मरम्मत एवं रखरखाव।
- समेकित क्षेत्रीय केन्द्रों (सीआरसी)/राष्ट्रीय संस्थानों में एक्सपोजर दौरे और अत्युत्तम कार्य करने वाले डीडीआरसी जिन्हें सर्वोत्तम प्रथा के रूप में दर्शाया जा सकता है ।

(ड.) डीडीआरसी की कम अर्हता प्राप्त श्रमशक्ति की कौशल में सुधार लाने के लिए 01 से 3 दिन तक का प्रशिक्षण कार्यक्रम, एक सप्ताह से 15 दिन तक की संवेदीकरण कार्यशालाएं और 01 वर्षीय सैंडविच पाठयक्रम के लिए पुनश्चर्या प्रशिक्षण आयोजित होंगे, जबकि प्रतिभागी वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों जैसे सचिव /निदेशक /जिला कलेक्टरों से लेकर जिला कल्याण अधिकारी, नोडल अधिकारियों से लेकर पेशेवरों और डीडीआरसी में तैनात की गई श्रमशक्ति आदि से भिन्न–भिन्न हो सकते हैं।

(च) डीडीआरसी की श्रमशक्ति के प्रशिक्षण के लिए लागत व्यापक रूप से निम्नानुसार आधारित होगीः–

- डीडीआरसी की श्रमशक्ति को प्रशिक्षण के लिए नियुक्त किए जाने के संबंध में यात्रा, आवास–भोजन खर्च डीडीआरसी के अंतर्गत जारी किए गए सहायता अनुदान के आकस्मिक शीर्ष से पूरे किए जाएंगे जबकि प्रशिक्षण लागत को सम्बद्व राष्ट्रीय संस्थानों द्वारा वहन किया जाएगा ।

- डीडीआरसी योजना के व्यापक ढॉचे में, गैर–सरकारी संगठनों द्वारा कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में चलाये जा रहे डीडीआरसी जिला प्रबंधन टीम की समग्र देख–रेख में योजना के प्रावधानों के अनुसार, श्रमशक्ति के चयन के मामले में स्वतंत्र होंगे । इसके अतिरिक्त, विभाग के परामर्श से निर्धारित शर्तों में राज्य स्वामित्व में वृद्धि, प्रभावी काम–काज, राज्य/जिला प्राधिकारी के अंतर्गत डीडीआरसी को सहायता अनुदान प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के संबंध में मामूली संशोधन अनुमेय है ।

## 8. डीडीआरसी की कार्य योजना

डीडीआरसी की कार्य योजना व्यापक रूप से निम्नानुसार आधारित होगीः–

(क) दिव्यांगजनों का सर्वेक्षण और जिले में उनकी जरूरतें – प्रतिमाह 10–15 गांव ।
(ख) मुख्यालय पर /सिविल अस्पताल में आवधिक रूप से मूल्यांकन शिविर ।
(ग) ब्लाक में आवधिक अन्तराल पर मूल्यांकन सह वितरण शिविर ।
(घ) जागरूकता सृजन कार्यकलाप जैसे विद्यालयों के दौरे/विभिन्न लक्ष्य समूहों के लिए गांवों में जागरूकता शिविर/आवधिक अन्तराल पर निचले स्तर के कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम ।
(ड.) आवधिक अंतराल पर गॉवों/ब्लॉकों में अनुवर्ती शिविर ।

### 8.1 दिव्यांगजनों का सर्वेक्षण

प्रारम्भिक योजना के लिए, दिव्यांगता पर जिला आंकड़ों का विवरण, यदि उपलब्ध हों, डीडीआरसी को स्थानान्तरित किया जा सकता है अर्थात् प्रत्येक गांव के दिव्यांगजनों का डाटा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं/अन्य निचले स्तर के कार्यकर्ताओं जैसे आशा से उपलब्ध कराया जा सकता है । कार्यान्वयन एजेंसी को डाटा संग्रह के लिए सर्वश्रेष्ठ संभव व्यवस्था के चयन के लिए अपने विवेकाधिकार का उपयोग करना चाहिए ।

### 8.2 सहायक उपकरणों का मूल्यांकन/फिटमेंट/अनुवर्ती और मरम्मत

#### 8.2.1 मूल्यांकन/ फिटमेंट

सहायक उपकरणों का वास्तविक फिटमेंट जिला केन्द्रों की प्रमुख गतिविधियों में से एक होगा । शिविर दृष्टिकोण और संस्थागत दृष्टिकोण के मिश्रण को सहायक उपकरणों के फिटमेंट के उपयोग में लाया जाना चाहिए। सामग्री/सहायक उपकरणों के खर्च को एडिप योजना से पूरा किया जाना चाहिए । कार्यान्वयन एजेंसी एडिप योजना के अनुसार समुचित व्यवस्था करने और खातों के रख–रखाव के लिए सही प्रक्रिया का पालन करने के लिए उत्तरदायी होगी । इसके कार्यान्वयन के लिए निम्नलिखित बिन्दुओं को ध्यान में रखा जा सकता हैः–

1. कार्यान्वयन एजेंसी को सहायक उपकरणों की आवश्यकता पर सटीक मूल्यांकन सुनिश्चित करना चाहिए ।
2. जबकि कार्यान्वयन एजेंसी तकनीकी आदान, संगठनात्मक और लाजिस्टिक्स प्रदान करती है।
3. सभी दिव्यांगजनों की संख्या और अपेक्षित सहायक उपकरणों के प्रकार के आधार पर मूल्यांकन करना चाहिए ।
4. मूल्यांकन, जिला दिव्यांगता पुनर्वास केन्द्र के माध्यम से सतत आधार पर और शिविर के समय विचारणीय बिन्दु को दृष्टिगत रखते हुए, दोनों से किया जाए ।

5. यह मूल्यांकन आंगनवाड़ी कार्यकर्ता (एडब्ल्यूडब्ल्यू), स्वास्थ्य कर्मचारी, पैरा टीचर्स नरेगा पंचायती राज संस्थान स्थानीय गैर–सरकारी संगठनों और अन्य निचले स्तर के कर्मचारियों के सहयोग से करना चाहिए ।
6. कार्यान्वयन एजेंसी को लोगों को उपलब्ध कराई गई सहायक उपकरणों, उनकी सही और तत्काल मरम्मत को सख्त अनुवर्ती प्रयास के माध्यम से सुनिश्चित करना चाहिए ।
7. जिला केन्द्र को सहायक उपकरणों के लिए मरम्मत सेवाएं, अनुकूलन और अनुवर्ती उपलब्ध कराये जाने चाहिए । सहायक उपकरणों की मरम्मत के लिए नाम मात्र शुल्क, जो विभिन्न उपकरणों और मरम्मत के प्रकार के लिए अलग–अलग लिया जा सकता है, लिया जाना चाहिए ।
8. जिन दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों प्रदान की गई हैं, उनको जिला केन्द्र पर उपलब्ध अनुवर्ती / मरम्मत / प्रशिक्षण सेवाओं के संबंध में स्पष्ट रूप से जानकारी दी जानी चाहिए ।
9. दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों के प्रभावी और सही इस्तेमाल और चिकित्सकीय सेवाओं के लिए भी प्रशिक्षण दिया जाए । उन्हें स्थानीय भाषा में उपकरणों के उपयोग और मरम्मत के लिए रेखाचित्र / चित्रों वाले पैम्फलेट के रूप में निर्देश भी दिए जाएं ।
10. डीडीआरसी में कार्यरत मरम्मत करने वाले स्टाफ को प्रशिक्षण में एलिम्को / एनआई दवारा सहायता प्रदान करनी चाहिए।

### 8.3 (ग) रोकथाम का प्रचारः

रोकथाम का विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों, जैसे अंधता, कुष्ठ रोग आदि के साथ–साथ विभिन्न दैनिक टीकाकरण जैसे पल्स पोलियो आदि की रोकथाम के कार्यक्रमों, के माध्यम से प्रचार किया गया है । इन कार्यक्रमों को न केवल मृत्यु दर की रोकथाम बल्कि दिव्यांगता की रोकथाम पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। अतः जिला केन्द्रों को स्वास्थ्य कार्यक्रमों और योजनाओं एवं दिव्यांगता की रोकथाम के मध्य रोकथाम के प्रचार के लिए सूचना को संशोधित करने की जरूरत है। समुचित आहार–पोषण की कमी भी दिव्यांगता के मुख्य कारक के रूप में जानी जाती है। दिव्यांगता की रोकथाम का दूसरा प्रमुख पहलू पर्यावरणीय स्वच्छता और स्वच्छ जीवन यापन की स्थिति है, जिसे जिला केन्द्रों के माध्यम से प्रसारित करने की जरूरत है ।

जिला केन्द्रों को दिव्यांगताओं की रोकथाम के विभिन्न पहलुओं से जुड़ी जानकारी को एकत्रित और जांचने एवं स्थानीय स्थितियों पर निर्भर सर्वाधिक उपयुक्त रूप और विधि द्वारा जानकारी का प्रसार करने की जरूरत है ।

अतः, जिला केन्द्रों को रोकथाम को बढ़ावा देने के लिए निम्नलिखित कार्य करने चाहिएः–

- रोकथाम के क्षेत्र में कार्य करने वाले एडब्ल्यूडब्ल्यू, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, गैर–सरकारी संगठनों की गतिविधियों का अभिसरण ।

- कार्यान्वयन एजेंसियों के पास रोकथाम और प्रारम्भिक उपचार पर उपलब्ध जानकारी का स्थानीय भाषा में वितरण करना और प्रचारित करना ।
- कार्यान्वयन एजेंसी दिव्यांगता की पहचान, बचाव और शुरूआत में ही उसे पता लगाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए आईसीडीएस कार्यकर्ताओं, स्वास्थ्य कार्यकत्ताओं, सीबीआरडबल्युएस सहित निचले स्तर के कार्यकर्ताओं के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम शुरू किया जाए ।
- जापानी इंसेफेलाईटिस (जेई)/एक्यूट इंसेफेलाईटिस (एईएस) की अधिक घटना होने वाले क्षेत्रों में स्थापित और कार्यरत जिला दिव्यांगता पुनर्वास केन्द्र में राष्ट्रीय बहु दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, ईस्ट रोड, मुल्लुकडु, कांचीपुरम, तमिलनाडु के बहु दिव्यांगता घटक अनिवार्य रूप से होने चाहिए ।

## 8.4 प्रारंभिक उपचार

गौण (सकेन्डरी) दिव्यांगताओं के बचाव और सभी स्तरों पर दिव्यांग बच्चों का दूसरे बच्चों के साथ सफल एकीकरण सुनिश्चित करने के लिए दिव्यांगता की प्रारम्भिक पहचान और प्रारम्भिक उपचार बहुत महत्वपूर्ण है। अतः प्रत्येक डीडीआरसी को एक उपचार इकाई स्थापित करना अनिवार्य है । दिव्यांग बच्चों के माता–पिता को इन्हें देखने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। इसके अतिरिक्त, स्थानीय रूप से उपलब्ध सामग्री के उपयोग से कम लागत वाले उपचार का उन्हें उनके निवास–स्थान पर उपचार जारी रखने का सुझाव दिया जाना चाहिए ।

## 8.5 बाधामुक्त वातावरण

- बाधामुक्त वातावरण का प्रावधान दिव्यांगजनों को सुगम्य पहुंच उपलब्ध कराने के लिए सहायक उपकरणों का दूसरा महत्वपूर्ण पूरक है ।
- आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा परिचालित उपनियमों के सुसंगत मानक के अनुसार, सभी नये भवन, विशेषतः सार्वजनिक क्षेत्र और सार्वजनिक उपयोगिता वाले भवन, उदाहरणार्थ – विद्यालय और छात्रावास, पंचायत और अन्य सरकारी भवन, अस्पताल, बाजार, बस–स्टैंड, पार्क, सार्वजनिक शौचालयों को बाधामुक्त बनाया जाना है ।
- इसका मूल उत्तरदायित्व स्थानीय सरकारों पर होना चाहिए ।
- कलेक्टरेट, जिला अस्पताल, स्थानीय बस अड्डे, कॉलेजों और विद्यालयों जैसी सार्वजनिक भवनों को शुरूआत से ही बाधामुक्त सुगम्यता में परिवर्तित किया जाना चाहिए ।
- भवनों को बाधामुक्त सुगम्यता में परिवर्तन करने के लिए वित्तीय सहायता स्थानीय सरकार निधि और/अथवा एमपीएलएडीएस से पूरी की जाए ।
- जिला केन्द्रों को कार्यान्वयन एजेंसियों के लिए तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने में सक्षम होना अनिवार्य है।

8.6 **शिक्षा/व्यावसायिक प्रशिक्षण/प्लेसमेंट को बढ़ावा देना**

शिक्षा, प्रशिक्षण और रोजगार पुनर्वास के महत्वपूर्ण घटक है ।

- कार्यान्वयन एजेंसी को शिक्षकों/समुदायों/परिवारों के लिए ओरिएंटेशन – प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने चाहिए।
- ये उपयुक्त व्यवसायों, सम्भव जॉब प्लेसमेंट और अन्य सुविधाओं जैसे एनएचएफडीसी के माध्यम से सॉफट ऋण, वीआरसी के माध्यम से व्यावसायिक प्रशिक्षण आदि की जानकारी भी प्रदान कर सकते हैं।
- कम से कम 6 महीनों में एक बार 03 दिनों से लेकर एक सप्ताह तक का ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया जाना चाहिए।

9. **निष्पादन रिपोर्ट**

- कार्यक्रम के कार्यान्वयन की मानिटरिंग और मूल्यांकन ऊपर सूचीबद्व गतिविधियों और उनके लिए निर्धारित लक्ष्यों के संदर्भ में किया जाएगा ।
- वार्षिक निष्पादन रिपोर्ट (अनुबंध – VII पर प्रपत्र के अनुसार) आगामी वित्त वर्ष की कार्य–योजना सहित दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय को भेजी जाए।
- मंत्रालय प्रतिवर्ष नमूना आधार पर बाहरी एजेंसी द्वारा मूल्यांकित इन जिला केन्द्रों के काम–काज की जानकारी ले सकता है ।
- डीडीआरसी के तहत अनुदान प्राप्त करने वाली प्रत्येक कार्यान्वयन एजेंसी को प्रभावी निगरानी के लिए कर्मचारियों की बायो–मीट्रिक उपस्थिति रिपोर्ट, सीसीटीवी फुटेज आदि जैसी रिपोर्ट, सीपीएमयू या विभाग द्वारा पूछे गए दस्तावेजों को त्रैमासिक रूप से प्रस्तुत करना होगा।

## अनुबंध–I

## दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के तहत दिव्यांगताएंः

1. **शारीरिक दिव्यांगता–**

(अ) **गतिविषयक दिव्यांगता** (सुनिश्चित गतिविधियों को करने में किसी व्यक्ति की असमर्थता जो स्वयं और वस्तुओं की गतिशीलता से सहबद्ध है जिसका परिणाम पेशीकंकाल और तंत्रिका प्रणाली या दोनों में पीड़ा है), जिसके अंतर्गत–

क. ''**कुष्ठ रोगमुक्ति व्यक्ति**'' से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो कुष्ठ से रोगमुक्त हो गया है किंतु निम्नलिखित से पीड़ित है–

(i) हाथ या पैरों में संवेदना की कमी के साथ–साथ आंख और पलक में संवेदना की कमी और आंशिक घात किंतु व्यक्त विरूपता नहीं है;

(ii) व्यक्त विरूपता और आंशिक घात किंतु उसके हाथों और पैरों में पर्याप्त गतिशीलता है जिससे वह सामान्य व्यावसायिक क्रियाकलापों में लगे रहने के लिए सक्षम है;

(iii) **अत्यंत शरीरिक विरूपता के साथ–साथ वृद्ध जो उसे कोई लाभप्रद व्यवसाय करने से रोकती है और ''कुष्ठ रोगमुक्ति व्यक्ति'' पद का तद्नुसार अर्थ लगाया जाएगा।**

ख. ''**प्रमस्तिष्क घात**'' से कोई गैर–प्रगामी तन्त्रिका स्थिति का समूह अभिप्रेत है जो शरीर के संचलन को और पैशियों के समन्वयन को प्रभावित करती है, जो मस्तिष्क के एक या अधिक विनिर्दिष्ट क्षेत्रों में क्षति के कारण उत्पन्न होता है जो साधारणतः जन्म से पूर्व, जन्म के दौरान या जन्म  के तुरंत पश्चात् होता है;

ग. ''**बौनापन**'' से ऐसी कोई चिकित्सीय या आनुवांशिक दशा अभिप्रेत है जिसके परिणामस्वरूप किसी वयस्क व्यक्ति की लंबाई चार फीट इस इंज (147 से.मी.) या उसके कम रह जाती है।

घ. ''**पेशीयदुष्पोषण**'' से वंशानुगत, आनुवांशिक पेशी रोग का समूह अभिप्रेत है जो मानव शरीर को संचलित करने वाली पेशियों को कमजोर कर देता है और बहुदुष्पोषण के रोगी व्यक्तियों के जीन में वह सूचना अशुद्ध होती है या नहीं होती है जो उन्हें उस प्रोटीन को बनाने से निवारित करती है जिसकी उन्हें स्वस्थ पेशियों के लिए आवश्यकता होती है, इसकी विशेषता प्रगामी कंकाल पेशी की कमजोरी, पेशी प्रोटीनों में त्रुटि और पेशी कोशिकाओं और टिशुओं की मृत्यु है;

ड. ''**तेजाबी आक्रमण पीड़ित**'' से तेजाब या समान संक्षारित पदार्थ को फेंक कर किए गए हिंसक हमले के कारण विद्रूपित कोई व्यक्ति अभिप्रेत है;

क. दृष्टिगत ह्यस–

क. ''अंधता'' से ऐसी दशा अभिप्रेत है जिसमें सर्वोत्तम सुधार के पश्चात् व्यक्ति में निम्नलिखित स्थितियों में से कोई एक स्थिति विद्यमान होती है, –

i. दृष्टि का पुर्णतया अभाव; या

ii. सर्वाधिक संभव सुधार के साथ बेहतर आंख में दृष्टि सुतीक्षणता 3/60 से कम या 10/200 (स्नेलन) से कम; या

iii. 10 डिग्री से कम के किसी सबटेंड कोण परदृश्य क्षेत्र की परिसीमा;

**ख.** ''निम्न दृष्टि'' से ऐसी स्थिति अभिप्रेत है जिसमें व्यक्ति की निम्नलिखित में से कोई एक स्थिति होती है, अर्थात्:–

i. बेहतर आंख में सर्वाधिक संभव सुधार के साथ 6/18 से अनधिक या 20/60 से कम से 3/60 तक या 10/200 (स्नेलन) तक दृश्य सुतीक्षणता; या

ii. 40 डिग्री से कम से 10 डिग्री तक के सबटेंड कोण के दृश्य क्षेत्र परिसीमा;

**ग. श्रवण शक्ति का ह्रास–**

क. ''बधिर''– से दोनों कानों में संवाद आवृत्तियों (स्पीच फ्रीक्वेन्सी) में 70 डेसिबिल श्रव्य ह्रास वाले व्यक्ति अभिप्रेत है;

ख. ''ऊंचा सुनने वाला व्यक्ति'' से दोनों कानों से संवाद आवृत्तियों (स्पीच फ्रीक्वेन्सी) में 60 डेसिबिल से 70 डेसिबिल श्रव्य ह्रास वाला व्यक्ति अभिप्रेत है;

घ. ''**वाक और भाषा दिव्यांगता**'' से लेराइनजेक्टोमी या अफेलिया जैसी स्थितियों से उद्भूत स्थायी दिव्यांगता अभिप्रेत है जो कार्बनिक या तंत्रिका संबंधी कारणों के कारण वाक् और भाषा के एक या अधिक संघटकों को प्रभावित करती है।

2. ''**बौद्धिक दिव्यांगता**'' से ऐसी स्थिति, जिसकी विशेषता बौद्धिक कार्य (तार्किक, शिक्षण, समस्या समाधान) और अनुकूलित व्यवहार, दोनों में महत्वपूर्ण कमी होना है, जिसके अंतर्गत दैनिक सामाजिक और व्यवहार्य कौशलों की रेंज है, जिसके अंतर्गत–

क. ''**विनिर्दिष्टि विद्या दिव्यांगताओं**'' से स्थितियों का एक ऐसा विजातीय समूह अभिप्रेत है जिसमें भाषा को बोलने या लिखने की प्रक्रिया द्वारा आलेखन करने की कमी विद्यमान होती है जो समझने, बोलने, पढ़ने, लिखने, अर्थ निकालने या गणितीय गणना करने में कमी के रूप में सामने आती है और इसके अंतर्गत बोधक दिव्यांगता डायसेलेक्सिया, डायसग्राफिया, डायसकेलकुलिया, डायसप्रेसिया और विकासात्मक अफेसिया जैसी स्थितियां भी है;

ख. ''**स्वपरायणता स्पैक्ट्रम विकार**'' से एक ऐसी तंत्रिका विकास की स्थिति अभिप्रेत है जो विशिष्टतः जीवन के पहले तीन वर्ष में उत्पन्न होती है, जो व्यक्ति की संपर्क करने की, संबंधों को समझने की और दूसरों से संबंधित होने की क्षमता को अत्यधिक प्रभावित करती है और आमतौर पर यह अप्रायिक या घिसे–पिटे कर्मकांडों या व्यवहार से सहबद्ध होता है।

3. मानसिक व्यवहार–

''**मानसिक रूग्णता** '' से चिंतन, मनोदशा, बोध, ओरिएंटेशन या स्मरणशक्ति का अत्यधिक विकार अभिप्रेत है जो जीवन की साधारण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए समग्र रूप से निर्णय, व्यवहार, वास्तविकता की पहचान करने की क्षमता या योग्यता को प्रभावित करता है किंतु जिसके अंतर्गत मानसिक मंदता नहीं है जो किसी व्यक्ति के मस्तिष्क का विकास रूकने या अपूर्ण होने की स्थिति है, विशेषकर जिसकी विशिष्टता बुद्धिमता का सामान्य से कम होना है।

4. निम्नलिखित के कारण दिव्यांगता–

क. चिरकारी तंत्रिका दशाएं, जैसे–

(i) ''**बहु–स्केलेरोसिक**'' से प्रवाहक, तंत्रिका प्रणाली रोग अभिप्रेत है जिसमें मस्तिष्क की तंत्रिका कोशिकाओं के अक्ष (नर्व) तंतुओं के चारों ओर रीढ़ की हड्डी की मायलिन सीथ श्रतिग्रस्त हो जाती है जिससे डिमायीलिनेशन होता है और मस्तिष्क में तंत्रिका कोशिकाओं और रीढ़ की हड्डी की कोशिकाओं की एक–दूसरे के साथ संपर्क करने की क्षमता प्रभावित होती है;

